कार्यालय नजारत विभाग,
जनपद न्यायालय, गाजियाबाद।
दिनांक 10.07.2023

सार्वजनिक सूचना

न्यायालय परिसर, राजनगर, गाजियाबाद में स्क्रैप के रूप में रखे हुए लकडी की चौखट, विद्युत पैनल व अन्य निष्प्रयोज्य सामान तथा पाईप, एंगल व अन्य लोहे का निष्प्रयोज्य सामान का ठेका छोडे जाने हेतु दिनांक 15 जुलाई, 2023 की सांय 04.00 बजे मुख्य न्यायालय भवन के भू तल पर स्थित सेन्ट्रल हॉल में नीलामी खुली बोली के द्वारा की जायेगी। उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामान मुख्य न्यायालय परिसर में स्थित है तथा सामान जैसी स्थिति में है, वैसा ही नीलाम किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति द्वारा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामान का निरीक्षण न्यायलय परिसर, राजनगर में किया जा सकता हैं।

नीलामी सम्बन्धी शर्ते एंव अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जनपद न्यायालय, गाजियाबाद के नजारत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाताओ को प्रत्येक ठेके हेतु बोली लगाने से पूर्व अंकन 1,00,000/-- (एक लाख) बैंक ड्राफ्ट, जो कि जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के पक्ष में हो, धरोहर धनराशि के रूप में जमा करानी होगी।

10/07/23

अध्यक्ष, नीलाम समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या--14, गाजियाबाद।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित :–

1– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद ।
2– नोटिस बोर्ड, जिलाधिकारी, गाजियाबाद ।
3– नोटिस बोर्ड, नगर निगम, जनपद गाजियाबाद ।
4– तहसीलदार, सदर, जनपद गाजियाबाद ।
5– नोटिस बोर्ड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
6– स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु ।
7– कम्प्यूटर विभाग को इस जनपद एंव माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाईट पर प्रकाशन हेतु।